Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of national highway connecting NH 19, NH 28 and NH 28B in Bihar.

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): नवनिर्मित पटना-दीघा पुल पार कर एनएच 19 से प्रारंभ होकर एनएच 28 तक गोपालगंज में सारण के पश्चिम तटबंध तथा डुमरिया घाट पुल पार कर सारण के पूर्वी तटबंध पर एनएच-28 बी तक राष्ट्रीय उच्च पथ के निर्माण की मांग की गई है। इस पथ का निर्माण वर्तमान के सारण तटबंध पर जिस पर कालीकरण किया गया है अथवा उसके समानान्तर गंडक नदी के तरफ जहां पर्याप्त आबादी रहित जमीन उपलब्ध है, का निर्माण किया जा सकता है।

यह पथ सोनपुर- दरियापुर-मकेर- अमनौर-तरैया-पानापुर- मशरख-बैकुण्ठपुर- सिघवलिया बरौली - मांझा प्रखण्डों से होता हुआ लगभग 150 किमी का है जो पूरी तौर से तीन राष्ट्रीय उच्च पथ एनएच- 19,28,28बी को इस पथ के निर्माण से बिहार प्रदेश की 2 करोड़ की आबादी को लाभ होगा ही, साथ ही पटना मुख्यालय से इन सभी जिला मुख्यालयों की दूरी 3 से 5 घंटा कम हो जाएगी। साथ-साथ यह पथ नेपाल की सीमा तक एनएच-28 बी में मिलेगा जो देश की सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक है। आपके मंत्रालय के नदी के तट का यह पथ आपके गंडक वाटरमैप के अधिसूचित भाग का भी हिस्सा बन सकता है।

प्रस्ताव 1 वर्तमान सारण तटबंध जिस पर काली के साथ पथ अवस्थित।

प्रस्ताव 2 वर्तमान सारण तटबंध के समानान्तर पूरब आबादी विहीन क्षेत्र में पथ निर्माण का प्रस्ताव।